उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 14.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई में सुनीं गयी आमजन की समस्याएं, त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के दिए निर्देश...

पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह द्वारा प्रतिदिन की भाति आज दिनांक- 14.02.2026 पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान जनपद के दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया एवं प्रत्येक प्रकरण का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया कि सभी शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को समयबद्ध न्याय प्राप्त हो और पुलिस-जन संवाद और अधिक सुदृढ़ हो।

इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड भी उपस्थित रहें। उन्होंने भी प्रकरणों की जानकारी लेकर संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कर जनविश्वास को और मजबूत करना है।






## जनपद महोबा पुलिस द्वारा SPEL कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत विशेष सत्र आयोजित...

आज दिनांक 14.02.2026 को महिला थाना एवं थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा की पुलिस टीम द्वारा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, नियम एवं ग्रन्थ, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार संचालित *Student Police Experiential Learning (SPEL)* कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत एक विशेष शैक्षिक सत्र का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरुण कुमार सिंह (नोडल अधिकारी, SPEL-3) के कुशल मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के दौरान थानों से नामित नोडल अधिकारियों द्वारा चयनित शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को थाना कोतवाली नगर का भ्रमण कराया गया। उन्हें थाना कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेख संधारण प्रणाली, जनसुनवाई व्यवस्था तथा पुलिस की दैनिक कार्यशैली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, विद्यार्थियों को *Crime and Criminal Tracking Network & Systems (CCTNS)* की कार्यप्रणाली, ऑनलाइन एफआईआर पंजीकरण, अपराध एवं अपराधियों के डिजिटल अभिलेखीकरण आदि के विषय में भी अवगत कराया गया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने पुलिस कार्यप्रणाली से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों द्वारा सरल एवं संवादात्मक तरीके से समाधान किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में कानून के प्रति जागरूकता बढ़ाना, पुलिस-जन सहभागिता को सुदृढ़ करना तथा विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करना रहा।






## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत महोबा पुलिस सतर्कः शस्त्रागार निरीक्षण एवं व्यापक स्वच्छता अभियान सम्पन्न

- जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु आज दिनांक 14.02.को पुलिस अधीक्षक महोबा 2026, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के निकट पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों पर व्यापक स्तर पर तैयारियों की समीक्षा की गयी।
- इस क्रम में सभी थाना प्रभारियों द्वारा अपनेअपने थानों के शस्त्रागार का निरीक्षण कर - ) सफाई करायी गयी तथा चाल वाले पुर्जो-समस्त शस्त्रों की साफMoving Parts) की सूक्ष्मता से जांच सुनिश्चित की गयी, जिससे आपात स्थिति में शस्त्रों का प्रभावी एवं सुचारू उपयोग किया जा सके। साथ ही उपलब्ध कारतूस एवं अन्य आवश्यक सामग्री का भी भौतिक सत्यापन किया गया।
- इसके अतिरिक्त थाना कार्यालय एवं थाना परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते हुए अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव-, परिसर की साफसफाई-, अनावश्यक सामग्री का निष्पादन एवं साफसुथरा कार्य वातावरण सुनिश्चित किया गया। अधिकारियों द्वारा - निर्देशित किया गया कि त्यौहारों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी संसाधन पूर्ण रूप से तैयार अवस्था में रहें।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आगामी पर्वों को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर सतर्कता बरती जाए, संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने हेतु पुलिस बल पूरी तरह तैयार रहे।
- महोबा पुलिस जनपदवासियों से अपील करती है कि त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 14.02.2026

मीडिया सेल, महोबा

## थाना समाधान दिवस का आयोजन – फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित

- आज दिनांक 14.02.2026 को महोबा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।
- थाना समाधान दिवस के दौरान विभिन्न थानों पर पहुंचे फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व संबंधी प्रकरण, भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद तथा अन्य स्थानीय समस्याएँ शामिल रहीं।
- पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त उपस्थिति में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित प्रकरणों में निष्पक्ष जांच कर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है तथा आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण कराया जाना महोबा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।
- जनपद महोबा पुलिस आमजन के विश्वास एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 14.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महाशिवरात्रि एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा पर सख्त निर्देश: एडीजी प्रयागराज जोन का महोबा दौरा, कानून व्यवस्था के संबंध में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की साथ ही ऐतिहासिक माँ बड़ी चण्डिका धाम का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश...।

आज दिनांक 14.02.2026 को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन श्री ज्योति नारायण का जनपद महोबा आगमन हुआ। पुलिस लाइन महोबा में सुसज्जित गार्द द्वारा उन्हें सलामी दी गई। तत्पश्चात पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस. एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आगामी महाशिवरात्रि, होली एवं प्रचलित सूर्य महोत्सव के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक एवं बिंदुवार समीक्षा की गई। जनपद में घटित अपराधों की स्थिति, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, वांछित/इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी, प्रभावी गश्त, रात्रि पेट्रोलिंग, यातायात प्रबंधन, भीड़-नियंत्रण, सीसीटीवी मॉनिटरिंग तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दौरान जनसहभागिता एवं जनसंवाद को प्राथमिकता देते हुए पुलिस की दृश्यमान उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक आयोजन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग एवं आपातकालीन व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित की जाएं।

समीक्षा उपरांत अधिकारियों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद महोबा स्थित ऐतिहासिक शक्तिपीठ माँ बड़ी चण्डिका धाम का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, पार्किंग व्यवस्था, भीड़-प्रबंधन योजना एवं नियंत्रण कक्ष की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई। संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।


इस अवसर पर मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया तथा मंदिर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के संबंध में पुजारी से संवाद भी किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी अपराध श्री गौरव उपाध्याय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।









प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 14.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर की पुलिस टीम ने चोरी की घटना का किया सफल अनावरण, 03 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी के आभूषण व गली हुई धातु बरामद।

श्री प्रबल प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व में एवं श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन तथा श्री रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी तथा चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में थाना अजनर पुलिस द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही में मु0अ0सं0 26/2026 धारा 305(ए)/331(3) बीएनएस तथा बढ़ोत्तरी धारा 331(4), 317(2), 317(5) बीएनएस से संबंधित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाष चन्द्र द्वारा गठित पुलिस टीम उ0नि0 ऋषी शुक्ला मय हमराह का0 जयप्रकाश यादव, का0 नरेन्द्र कुमार व का0 अमर द्विवेदी द्वारा मुखबिर की सूचना पर ग्राम टिकरिया के पूर्व स्थित प्राइमरी स्कूल के पास से निम्न अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया गया।

### बरामदगी का विवरण-

- अभियुक्त जयहिन्द राजपूत के कब्जे से 02 अदद पुरानी इस्तेमाली सफेद धातु की जंजीर बरामद।
- अभियुक्त अमित अहिरवार उर्फ कालू के कब्जे से 02 अदद पुरानी इस्तेमाली सफेद धातु की पायल एवं 04 अदद पुरानी इस्तेमाली सफेद धातु की बिछिया बरामद।
- अभियुक्त रीतेश राजपूत के कब्जे से गली हुई सफेद धातु की सिल्लीनुमा वस्तु बरामद, जो चोरी के आभूषणों को गलाकर साक्ष्य नष्ट करने के उद्देश्य से तैयार की गयी प्रतीत होती है।

उक्त बरामदगी के आधार पर प्रकरण में धारा 331(4) बीएनएस (चोरी की संपत्ति का कब्जा/निस्तारण), धारा 317(2)/317(5) बीएनएस (साक्ष्य नष्ट करना/अपराध में सहभागिता) की बढ़ोत्तरी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 ऋषी शुक्ला थाना अजनर जनपद महोबा
2. का0 जयप्रकाश यादव 3. का0 नरेन्द्र कुमार 4.का0 अमर द्विवेदी

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. जयहिन्द राजपूत पुत्र स्व0 रंगदेव राजपूत उर्फ रंगू, उम्र करीब 21 वर्ष, निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा।
2. अमित अहिरवार उर्फ कालू पुत्र वृन्दावन अहिरवार, उम्र करीब 19 वर्ष, निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा।
3. रीतेश राजपूत पुत्र स्व0 जयपाल राजपूत, उम्र करीब 21 वर्ष, निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर जनपद महोबा।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 14.02.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा